लोकसभा अध्यक्ष ने कोरोना के कारण सुहाग खो चुकी महिलाओं और माता-पिता खो चुकी बेटियों से बंधवाई राखी

...

भाई और अभिभावक के सभी दायित्व निभाऊंगाः श्री बिरला

...

बूंदी रोड स्थित आनंद विहार निवासी स्मिता जैन ने राखी बांधते हुए लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को बताया कि करीब तीन वर्ष पहले लोन लेकर बड़े अरमानों के साथ आशियाना सजाया था। कोरोना से पति की मौत के बाद जैसे कुछ खत्म हो गया। ईएमआई नहीं दे पाने के कारण बैंक की ओर से नोटिस देने की बात कही जा रही हैं। श्री बिरला ने कहा कि बैंक अधिकारियों से बात करेंगे।

कोरोना के कारण दो दिन के भीतर अपने माता-पिता को खो चुकी सौम्या सपनानी ने भी श्री बिरला को राखी बांधी। सौम्या अब बजरंग नगर में मौसी सिमरन के साथ रहती है तथा भीमगंजमंडी स्थित सोफिया स्कूल में पढ़ती है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मौसी फीस नहीं चुका पा रही। श्री बिरला ने कहा कि सौम्या जहां पढ़ना चाहे और जब तक पढ़ना चाहे, इसकी व्यवस्था अब वे करेंगे।

केशवपुरा निवासी रीना मंडल की कोरोना से मृत्यु के बाद अब परिवार में कमाना वाला कोई नहीं है। बेटी पूजा पहले जयपुर में नौकरी करती थी, लेकिन वह भी छूट गई। रीना ने राखी बांधते हुए श्री बिरला से पूजा की नौकरी लगवाने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि कुछ ही दिनों में पूजा के लिए कोई व्यवस्था कर दी जाएगी।

कोटा, 22 अगस्त, 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रविवार को कोरोना प्रभावित परिवारों को राहत देने की एक ओर बड़ी पहल की। उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर रविवार को उन महिलाओं और बेटियों से राखी बंधवाई जिन्होंने कोरोना के कारण अपने पति और माता-पिता को खो दिया। रक्षा सूत्र बंधवाने के बाद श्री बिरला ने कहा कि भाई और अभिभावक के रूप में वे इन महिलाओं और बेटियों की सहायता को सदैव तत्पर रहेंगे।

लोकसभा कैंप कार्यालय में श्री बिरला को 30 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं ने राखी बांधी। इस दौरान एक ओर जहां इन महिलाओं की आंखें अपने दुख के कारण नम थीं वहीं उनमें इस

बात की खुशी भी थी लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला के रूप में एक भाई अब उनकी आंसू पौंछने और हर मुसीबत में साथ खड़ा होने के लिए उनके साथ है।

राखी बंधवाते हुए श्री बिरला ने भी महिलाओं और बालिकाओं से चर्चा भी की तथा उनके आंसू भी पोंछने का प्रयास किया। महिलाओं और बालिकाओं ने भी अपनी समस्याओं की जानकारी श्री बिरला को दी, जिसका उन्होंने समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर का प्रभाव भले ही अब कुछ कम हो गया हो, लेकिन उसने जो जख्म दिए हैं वह अब भी हरें हैं, जो दर्द दिया है वह रह-रह कर अब भी अनेक परिवारों को साल रहा है। इन परिवारों के दुख दूर करने के प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि इन परिवारों को अपने पैरों पर खड़ा कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी वर्गों से बात कर कार्ययोजना बना रहे हैं। रक्षा सूत्र भी इसी बात के लिए हम एक भाई और अभिभावक के रूप में इन परिवारों के साथ खड़े होंगे और उनकी रक्षा करेंगे। इन परिवारों के बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा देकर होनहार नागरिक बनाने का प्रयास करेंगे। श्री बिरला ने कहा कि बहनों और बेटियों ने हमें अपनी कठिनाइयों की जानकारी दी है। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि उनके दर्द को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

वीरांगना मधुबाला ने भी बांधी राखी

पुलवामा शहीद हेमराज मीणा की पत्नी वीरांगना मधुबाला मीणा ने भी रविवार को लोकसभा अध्यक्ष को राखी बांधी। इस दौरान शहीद हेमराज की दोनों बेटियां भी मौजूद रहीं।